सेंट एंड्रयूज़ स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपड़गंज,दिल्ली – ११००९२

सत्र: २०२६-२०२७

कक्षा:पाँचवीं **विषय: हिंदी** **विशेषण**

परिभाषा-संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्दों को विशेषण कहते हैं।

जैसे-छोटा, बड़ा, लाल, नीला ,ऊँचा, नीचा, दो तीसरा ,पाँचवा आदि

विशेषण के चार भेद होते हैं-

१-गुणवाचक विशेषण

२-संख्यावाचकविशेषण

३-परिमाणवाचक विशेषण

४-सार्वनामिक विशेषण

उदाहरण

गुणवाचकविशेषण-

क-हिमालय विशाल पर्वत है।

ख-यह नई कमीज है।

ग-मेरा भाई बहुत ईमानदार है।

घ-मुझे भारतीय होने पर गर्व है।

संख्यावाचक विशेषण

क-नवीन पहली कक्षा में पढ़ता है।

ख-कुछ विद्यार्थी पढ़ रहे हैं।

ग-मेरे पास पाँच सौ रुपए हैं

घ-कई व्यक्ति भीड़ में शामिल हो गए।

निश्चित संख्या वाचक विशेषण

दो चिड़िया आकाश में उड़ रही हैं।

मुझे दस हजार रुपए चाहिए।

अनिश्चित संख्यावाचक विशेषण

कुछ लोग जा रहे हैं ।

पेड़ों पर कई पक्षी बैठे हैं।

परिमाणवाचक विशेषण

क-गाड़ी में दो लीटर पेट्रोल भरवा लो।

ख-चार किलो आटा दे दो ।

ग-चाय में थोड़ी चीनी डाल दो।

घ-बाजार से कुछ लड्डू खरीद लाओ।

निश्चित परिमाणवाचक विशेषण

अनामिका ने चार मीटर कपड़ा खरीदा।

दो लीटर तेल दे दो।

अनिश्चित परिमाणवाचक विशेषण

मैं पानी में थोड़ा - सा शहद डालकर पीता हूँ।

नमिता के पास बहुत पैसा है

सार्वनामिक विशेषण

यह बच्चा हँस रहा है।

इस किताब में अच्छी कविताएँ हैं ।

वह घर मेरा है।

इस लड़के को मत मारो।